# श्याम तेरी यारी पे बलिहारी | By Lalit Sharma

तुमसे मिलकर यार कन्हैया खुशी हुई भारी
यो कहे सुदामा श्याम तेरी यारी पे बलिहारी

गुरुकुल की वो याद मुझे तड़पाती थी
सारी सारी रात नींद नहीं आती थी
तुझसे मिलकर खिल गयी मन की फुलवारी
यो कहे सुदामा श्याम तेरी यारी पे बलिहारी

तुमसे मिलने बड़ी दूर से आया मैं
करके दर्शन फूला नहीं समाया मैं
यारों का है यार सांवरिया गिरधारी
यो कहे सुदामा श्याम तेरी यारी पे बलिहारी

तेरे जैसा और कोई दिलदार नहीं
भीमसेन मैं भूलूँ श्याम का प्यार नहीं
देख लई मतलब की ये दुनियादारी
यो कहे सुदामा श्याम तेरी यारी पे बलिहारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0/